वन-लाइनर्स: 1 अगस्त 2021

1. सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) के अध्यक्ष, **साइरस पूनावाला** को 2021 के प्रतिष्ठित **लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार** के लिए चुना गया।
2. **दीपक दास** (1986-बैच के भारतीय सिविल लेखा सेवा अधिकारी) ने 1 अगस्त, 2021 से **25वें लेखा महानियंत्रक (CGA),** व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला।
3. वाइस एडमिरल **एस.एन. घोरमडे** ने 31 जुलाई, 2021 से नई दिल्ली में **उप नौसेना प्रमुख** का पदभार ग्रहण किया।
4. प्रधानमंत्री मोदी 2 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक व्यक्ति तथा उद्देश्य विशिष्ट डिजिटल भुगतान समाधान **e-RUPI** लॉन्च करेंगे।
5. भारत में लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल बातें सिखाने के लिए **इंटेल** ने **CBSE** तथा **शिक्षा मंत्रालय** के सहयोग से अपनी नई नि:शुल्क पहल **'AI फॉर ऑल'** लॉन्च की।
6. संस्कृति राज्य मंत्री, **मीनाक्षी लेखी** ने **G20 संस्कृति मंत्रियों की बैठक** में भाग लिया, और भारत द्वारा संस्कृति तथा रचनात्मक क्षेत्रों को विकास चालक के रूप में विकसित करने के लिए किए गए विभिन्न उपायों पर चर्चा की।

इतिहास में आज

1. **भारत में मुस्लिम महिला अधिकार दिवस** 1 अगस्त को तीन तलाक के खिलाफ कानून अधिनियमन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
2. माताओं तथा शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष **1 अगस्त से 7 अगस्त** तक पहले सप्ताह में **विश्व स्तनपान सप्ताह (WBW)** मनाया जाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह 2021 का विषय: **Protect Breastfeeding: A Shared Responsibility**
3. फेफड़ों के कैंसर के कारण तथा उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने और बीमारी के लिए पर्याप्त शोध निधि की कमी के मुद्दों को उजागर करने के लिए हर वर्ष **1 अगस्त** को **वर्ल्ड लंग कैंसर डे** मनाया जाता है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now